झारखण्ड राज्य विद्युत नियामक आयोग

प्रथम तल्ला, झारखण्ड राज्य हाउसिंग बोर्ड (पुराना मुख्यालय), हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची – 834002.

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि (1) दामोदर घाटी निगम (डी0वी0सी0) ने वित्त वर्ष 2019–20 को संतुलित (ट्रू अप) तथा वित्त वर्ष 2020–21 के लिए वार्षिक कार्यनिष्पादन की समीक्षा (एपीआर) करने हेतु आयोग के समक्ष आवेदन दिया है । आवेदन की एक प्रति दामोदर घाटी निगम (डी0वी0सी0) ने अपने वेबसाईट (www.dvc.gov.in) पर जारी किया था तथा इसकी सूचना दिनांक 24 एवं 25 फरवरी 2021 के विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित करते हुए दिनांक 16/03/2021 तक आपत्तियाँ/सुझाव/मंतव्य मांगा था । दामोदर घाटी निगम (डी0वी0सी0) के द्वारा सूचित किया गया है कि उक्त आवेदन पर उन्हें कोई भी आपत्ति/सुझाव/मंतव्य प्राप्त नहीं हुआ है । उक्त आवेदन की एक प्रति झारखण्ड राज्य विद्युत नियामक आयोग, राँची के वेबसाईट (www.jserc.org/dvc.aspx) पर भी उपलब्ध है।

(2) दामोदर घाटी निगम (डी0वी0सी0) ने वित्तीय वर्ष 2021–22 से वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए एआरआर (MYT) एवं वित्तीय वर्ष 2021–22 का विद्युत वितरण दर निर्धारण करने हेतु आयोग के समक्ष आवेदन दिया है । आवेदन की एक प्रति दामोदर घाटी निगम (डी0वी0सी0) ने अपने वेबसाईट (www.dvc.gov.in) पर जारी किया था तथा इसकी सूचना दिनांक 03 एवं 04 मार्च 2021 के विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित करते हुए दिनांक 23/03/2021 तक आपत्तियाँ/सुझाव/मंतव्य मांगा था । दामोदर घाटी निगम (डी0वी0सी0) के द्वारा सूचित किया गया है कि उक्त आवेदन पर उन्हें कोई भी आपत्ति/सुझाव/मंतव्य प्राप्त नहीं हुआ है । उक्त आवेदन की एक प्रति झारखण्ड राज्य विद्युत नियामक आयोग, राँची के वेबसाईट (www.jserc.org/dvc.aspx) पर भी उपलब्ध है ।

विद्युत अधिनियम 2003 के प्रावधानों के अनुसार उपरोक्त विद्युत वितरण दर निर्धारण करने के पूर्व उल्लेखित आवेदनों पर झारखण्ड राज्य विद्युत नियामक आयोग, राँची के द्वारा जन–सुनवाई निम्नलिखित तिथियों को उनके सामने दर्शाये गए समय एवं स्थान पर होना सुनिश्चित किया गया है :–

कम्पनी का नाम	जन–सुनवाई की तिथि एवं समय	जन–सुनवाई का स्थान
दामोदर घाटी निगम (डी0वी0सी0)	**05.12.2022 (सोमवार) को 2:00 बजे अपराह्न से**	**मृदा संरक्षण कार्यालय का सभागार, डीवीसी आईबी के सामने, कोरा पीएस के पास, हजारीबाग**
	07.12.2022 (बुधवार) को 11:00 बजे पूर्वाह्न से	**प्रशासनिक भवन का सभागार, डीवीसी, मैथन, धनबाद**

आदेशानुसार

सचिव